हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 15 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

11 रोडवेज बस चालक व परिचालक पर मारपीट का लगाया आरोप



12 किसी स्कूल में अध्यापक गैर हाजिर, तो कहीं पर बच्चों की कापी नहीं चैक



## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**सोनीपत।** सेक्टर 27 शहर थाना क्षेत्र की खान कॉलोनी में संदिग्ध हालत में युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि खान कॉलोनी में स्थित मकान में युवक ने फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल की टीम ने जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया।

### शराब पीकर हुड़दंग किया तीन पर केस दर्ज

**खरखौदा।** सोहटी-सैदपुर मार्ग पर शराब पीने के बाद सड़क पर अपनी कार खड़ी कर हुड़दंग करना तीन युवकों के महंगा पड़ गया। सैदपुर चौकी पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर दिया। हेड कांस्टेबल मंगल का कहना है कि वह सैदपुर चौक पर मौजूद था कि सोहटी की तरफ वाहनों का जाम लगा देखकर आगे बढ़ा तो तीन युवक अपनी कार का सड़क पर खड़ा कर आपस में ही लड़ाई कर रहे थे। पास जाकर उन्हें रोका तो पाया कि उन्होंने शराब पी हुई है। जिस पर तीनों से पूछताछ करने पर अपनी पहचान सोहटी के संदीप, राजीव व पवन के रूप में दी। जिस पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर दिया।

### कंवाली गांव के खेतों से मोटर चोरी

**खरखौदा।** कंवाली गांव के खेतों से चोर मोटर चोरी कर ले गए। किसान अशोक का कहना है कि उसने खेतों में सिंचाई के लिए तीन हार्स पावर की मोटर लगाई हुई थी। वह अपने खेत में पहुंचा तो उसे मोटर मौके पर नहीं मिली। जिस पर उसने मोटर को आसपास तलाश भी किया। लेकिन मोटर नहीं मिली। इसके बाद उसने मामले की शिकायत पुलिस को दी, जिस पर केस दर्ज कर लिया गया।

### अवैध शराब सहित गिरफ्तार, भेजा जेल

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक निवासी गढ़ शहजानपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

सिपाही सुशील की टीम गश्त के दौरान सेक्टर-15 आउटर रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली कि एक गाड़ी में अवैध शराब भरकर युवक आने वाला है। नाकाबंदी कर संदिग्ध गाड़ी के आते ही चालक को काबू कर लिया।

### सीएम नायब सैनी ने अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का किया दौरा

# मंडी निर्माण का 45 प्रतिशत काम पूरा 689 करोड़ हो चुके खर्च : मुख्यमंत्री

**परियोजना हरियाणा ही नहीं बल्कि देशभर के किसानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने का माध्यम होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी का दौरा किया। उन्होंने मंडी के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाएं और इस परियोजना को तय समयावधि में पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना हरियाणा ही नहीं बल्कि देशभर के किसानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने का माध्यम बनेगी। उन्होंने बताया कि यह मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित है और इसकी कनेक्टिविटी दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से भी है। इस कारण यहां से कृषि उत्पादों का तेजी से निर्यात संभव होगा। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि यह मंडी किसानों की आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने निर्माण कंपनी से गुणवत्ता और समयबद्धता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा, विधायक देवेंद्र कादियान, विधायक कृष्णा गहलावत, मेयर राजीव जैन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, हरियाणा अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी कॉरपोरेशन के मुख्य प्रशासक मुकुल कुमार, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त सुशील सारवान, एसडीएम प्रवेश कादियान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भाजपा जिला अध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, जिला अध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, भाजपा नेता माईराम कौशिक आदि मौजूद थे। प्रथम चरण में 45 प्रतिशत कार्य पूरा मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि 544 एकड़ 2 कनाल भूमि का 220 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया गया था। इस परियोजना की कुल लागत करीब 2,595 करोड़ रुपये है। अब तक निर्माण कार्य का 45 प्रतिशत हिस्सा पूरा किया जा चुका है जिस पर 689 करोड़ रुपये की राशि जारी हो चुकी है। - 50 लाख वर्गफुट होगा कवर्ड एरियाः मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत कुल 50 लाख वर्गफुट कवर एरिया तैयार होगा और इसकी वार्षिक हैंडलिंग क्षमता 20 लाख टन होगी। इसमें 17 ट्रेडिंग शेड, 13 आधुनिक इमारतें, 14 हजार 907 कारों व 3 हजार 305 ट्रकों की पार्किंग सुविधा सहित कई विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। शांतिपूर्ण तरीके से होगी बृजमंडल यात्राः नूंह में बृजमंडल जलाभिषेक यात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजामों पर नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह यात्रा आस्था का केंद्र है और शांतिपूर्ण तरीके से यात्रा होनी चाहिए। इसलिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वही आरती राव और इंद्रजीत के घर डिनर पर मुख्यमंत्री बिना कुछ बोले निकल गए।



गन्नौर। मंडी में अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

#### सौर ऊर्जा उत्पादन को प्राथमिकता दी जाए

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन शेड का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी परिसर में सौर ऊर्जा उत्पादन को प्राथमिकता दी जाए। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के अंतिम चरण में 28 मेगावाट सौर ऊर्जा का प्रावधान है। इस पर मुख्यमंत्री ने इसकी क्षमता बढ़ाने का सुझाव दिया ताकि मंडी ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। साथ ही उन्होंने पेयजल आपूर्ति, सीवरेज प्रबंधन और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट को समय रहते पूरा करने के भी निर्देश दिए।



#### टेहा और शाहपुर तगा पंचायत ने सौंपे मांग पत्र

टेहा गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन दे कर मंडी की जमीन में स्थित गांव के प्राचीन शिव मंदिर से छेड़छाड़ न करने का आग्रह किया। एससी, बीसी वर्ग के लोगों के मकान अधिग्रहण में आने से उनकी आर्थिक आर्थिक मदद देने, गांव का स्कूल अपग्रेड करने, शमशान घाट के रास्ते को पक्का करने, गांव की निकासी मंडी की एसटीपी जोड़ने गांव के बच्चों को मंडी में रोजगार देने व मंडी के नाम में टेहा जोड़े जाने की मांग की। वहीं शाहपुर तगा गांव की सरपंच गीता देवी ने गांव में दो ट्यूबवैल लगवाने, मंडी में गांव के 10 प्रतिशत युवाओं को रोजगार देने, स्टेडियम बनवाने, बाबा मोहनदास की समाधी स्थल की चार दीवारी करवाने व प्राचीन तालाब का जीर्णोद्धार करने, कम्यूनिटी हाल बनवाने व गांव में आंबेडकर भवन निर्माण के लिए फंड दिलवाने की मांग की।



सोनीपत। लघु सचिवालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी नेता।

# कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, दलितों पर हो रहे अत्याचार का विरोध

- विरोध जताते हुए लघु सचिवालय पहुंचे, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत द्वारा अनुसूचित जाति विभाग के बैनर के नीचे दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया और राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जगबीर मलिक ने कहा कि वर्तमान सरकार दलितों के साथ अन्याय की पराकाष्ठा पार कर गई है। इसको पता नहीं है जनता की ताकत। जनता जब करवट लेती है तो सत्ता बदल जाती है। प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन तानाशाह हो चुके है उनके लिए जनता के जीवन का कोई मूल्य नहीं है। हिसार हत्याकांड मे गणेश वाल्मीकि किसी दुर्घटना नहीं बल्कि सरकार और पुलिस प्रशासन की तानाशाही का शिकार हुआ है। यदि शासन और प्रशासन मे थोड़ी सी भी शर्म बची है तो दोषी पुलिसकर्मियों को निलम्बित नहीं बल्कि बर्खास्त कर के उन पर हत्या का मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

मेयर प्रत्याशी रहे कमल दिवान ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कृत्यों से साबित होता है कि दलितों और पिछड़ों की जिन्दगी की जन विरोधी सरकार की नजर मे कोई कीमत नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा दलित समाज का प्रयोग सिर्फ वोट बैंक के लिए किया है। आज प्रदेश मे जो भी दलित विरोधी गतिविधियां हो रही है उन सब मे सरकार की शरारत है वो दलितों को मनुवादी व्यवस्था के अन्तर्गत लाना चाहती है। यदि सरकार दलितों के प्रति ईमानदार है तो दोषियों की खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। यदि सरकार इस मामले पर जल्दी संज्ञान नहीं लेती है तो पूरा दलित समाज सड़कों पर न्याय की लड़ाई लड़ेगा।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान पूर्व विधायक पदम दहिया, पूर्व एचपीएससी सदस्य सुरेन्द्र शर्मा, एससी ग्रामीण जिलाध्यक्ष जगशेर नूरन खेड़ा, अनुसूचित जाति विभाग के शहरी अध्यक्ष दयानन्द वाल्मीकि, सेवादल महिला जिलाध्यक्ष कृष्णा बुमरा, सेवादल जिलाध्यक्ष ईसाक मदार, जिला पार्षद एवं प्रदेश महासचिव रवि इंदौरा, महिला प्रदेश महासचिव आशा अहलावत, अनुज छाबड़ा, सरदार इन्द्रपाल, एडवोकेट मुकेश पन्नालाल,प्रशान्त शर्मा एडवोकेट, सेवा दल उपाध्यक्ष सुनील कौशिक, मूरथल ब्लॉक सेवादल विशाल सौदा, गन्नौर ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शर्मा, ओमंकवार जाबांज, महावीर अध्यक्ष सोनीपत ब्लॉक सेवादल,पूर्व पार्षद राकेश नरवाल, राई ब्लॉक एस सी अध्यक्ष विक्रम रिडलान, पार्षद संजय बड़वासनी, प्रेम रेलन, जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार, रामेश्वर राणा, राजेश प्रधान सेवली, महाबीर सबोली, प्रोफेसर बंशी कुंडु, युसूफ रसोई,लीलू प्रधान, कार्यालय सचिव प्रेमनारायण गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता अवार्ड पर सवालः शनि मंदिर के सामने कूड़े के ढेर पर रखी ट्रॉफी

- जिला पार्षद संजय बड़वासनिया का अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा सरकार द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में सोनीपत को मिनिस्टीरियल अवार्ड दिए जाने की घोषणा के विरोध में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने अनोखे ढंग से प्रदर्शन करते हुए प्रशासन और सरकार का ध्यान जमीनी हकीकत की ओर खींचा।

उन्होंने शनि मंदिर के सामने स्थित कूड़े के ढेर के आगे अवार्ड ट्रॉफी रखी और उसके पास लैंप जलाकर प्रदर्शन किया। इस प्रतीकात्मक विरोध के जरिए उन्होंने यह दर्शाने का प्रयास किया कि जिस शहर को स्वच्छता में नंबर एक बताया जा रहा है, उसकी असल स्थिति इससे उलट है। संजय बड़वासनिया ने आरोप लगाया कि शहर के कई इलाकों में गंदगी फैली हुई है, शनि मंदिर अंडरब्रिज और अन्य पुलों के नीचे गंदा पानी भरा है, सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं और जगह-जगह सड़कें टूटी पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से पानी निकासी की योजनाएं बनीं, लेकिन पहली बारिश में ही सारी पोल खुल गई। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीन दिन में शनि मंदिर के सामने पड़ा कूड़ा नहीं हटाया गया, तो वह वहीं पर धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। उन्होंने आगामी नगर निगम चुनावों के मद्देनज़र अवार्ड को "राजनीतिक दिखावा" करार देते हुए कहा कि जनता अब इन बहकावों में नहीं आने वाली। इस मौके पर ऋतुराज, प्रधान प्रदीप, राजवीर, संदीप, कुलदीप, राजेश, गुलशन, सुरेश, सहित अन्य मौजूद रहे।



सोनीपत। कूड़े के सामने ट्राफी रखकर विरोध जताते हुए संजय बड़वासनिया एवं अन्य।

### नाबालिग लड़की को तंग करने का आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना सदर गोहाना की पुलिस टीम ने नाबालिग लडक़ी को तंग करने व पीछा करने की घटना मे संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कुलदीप पुत्र हुक्मचंद गांव गंगेसर का रहने वाला है। 12 जूलाई को जिला सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना सदर गोहाना मे शिकायत दी थी। महिला के अनुसार जब उसकी नाबालिग बेटी घर से बाहर निकलती है तो कुलदीप पुत्र हुक्मचंद उसे तंग करता है। वह उसकी लडक़ी का पीछा करता है और उससे फोन नम्बर मागता है। थाना सदर गोहाना की अनुसंधान टीम में नियुक्त महिला उप निरीक्षक रितु ने अपनी पुलिस टीम के साथ नाबालिग लडक़ी के मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई।

# एचएसवीपी कर्मचारी आंदोलन : 16 से ठप रहेगी वाटर सप्लाई, सीवर लीकेज भी रिपेयर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एचएसवीपी सोनीपत के सेक्टरों की जल आपूर्ति और सीवर व्यवस्था 16 जुलाई से पूरी तरह ठप रहेगी। हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच और हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन सोनीपत द्वारा हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले 1 जुलाई से लगातार चल रहा धरना प्रदर्शन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। यदि कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी गई, तो 48 घंटे में सोनीपत में जल संकट गहराना तय है।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार और एचएसवीपी अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी है कि यदि दो दिन में उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई, तो 16 जुलाई से हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। इससे सेक्टरों में पानी की आपूर्ति और सीवर मरम्मत का काम पूरी तरह रुक जाएगा। धरने की अगुवाई महावीर नागर व टीनू मदान ने की, जबकि मंच का संचालन समेश कुमार और सतीश कुमार शर्मा ने किया। मंच से प्रदेश महासचिव आरके नागर ने बताया कि कर्मचारियों की अप्रूवल 30 जून को खत्म हो चुकी है, लेकिन उसे बढ़ाने के लिए आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया। मुख्यमंत्री द्वारा की गई जॉब सुरक्षा गारंटी की घोषणा भी केवल कागजों तक ही सीमित है। इसके साथ ही एक बड़ा आरोप एचएसवीपी बागवानी उपमंडल के एसडीओ पर लगाया गया, जिन पर 2017-2019 के बीच करोड़ों रुपये के फलदार पेड़ कटवाकर बेचने, और मालियों की तनख्वाह तथा बरसाती सामग्री हड़पने का गंभीर आरोप है।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए एचएसवीपी कर्मचारी।

#### ये रहे मौजूद

धरने में ध्रुव कुमार, सुरेंद्र रंगा, सुनील चौहान, पुष्पेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश, जीवनलाल, कुलदीप सिंह, शुभम सहित दर्जनों कर्मचारियों ने भाग लिया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने दोपहिया वाहन को चपेट में लिया, युवक की मौके पर मौत


**पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा**

**पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर ट्रक चालक के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर मुरथल के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार ट्रक ने दोपहिया वाहन चालक को चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बजाना खुर्द निवासी दलबीर ने बताया कि उसका बेटा रौनक (21) अपने दोपहिया वाहन पर सवार होकर मुरथल की तरफ जा रहा था। मुरथल फ्लाईओवर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उसे चपेट में लिया। ट्रक उसे कुचलता हुआ आगे निकल गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर ट्रक चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी मिली कि रौनक बीए फाइनल में पढ़ता था। वह अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था।





सोनीपत। हादसा स्थल पर क्षतिग्रस्त वाहन व मौजूद पुलिस।


### सोनीपत में मौसम का बदला मिजाज : गोहाना, खानपुर कलां व राई में बारिश

# आसमान में चला बादलों का खेल, मौसम हुआ सुहावना

**बादलों की आंख मिचौली और ठंडी हवाओं ने लोगों को गर्मी से दिलाई राहत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में सोमवार को मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आया। दिनभर आसमान में बादलों और धूप के बीच आंख मिचौली चलती रही। कभी काली घटाएं छा गई तो कभी तेज धूप निकल आई। रविवार देर रात हुई हल्की बूंदाबांदी और सोमवार सुबह से बहती ठंडी हवाओं ने मौसम को पूरी तरह सुहावना बना दिया। इस बदले मिजाज ने न केवल आमजन को राहत दी बल्कि किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लौटा दी। बारिश और तापमान में गिरावट ने खरीफ फसलों की बुवाई के लिए अनुकूल वातावरण बना दिया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, यदि अगले कुछ दिनों में इसी तरह की वर्षा होती रही तो न केवल धान बल्कि अन्य फसलों को भी लाभ होगा। रविवार देर रात गोहाना, खानपुर कलां और राई क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई।



#### यहां हुई बारिश

जिले में रविवार देर रात कुछ इलाकों में बारिश दर्ज की गई। जिसमें सोनीपत ब्लॉक में 2 एमएम, गोहाना ब्लॉक में 7 एमएम, खानपुर कलां में 8 एमएम और राई में 3 एमएम बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा गन्नौर और खरखौदा ब्लॉक में बारिश की रिपोर्ट शून्य रही। इस बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है, जिससे धान की रोपाई में तेजी आई है। कई इलाकों में किसानों ने सोमवार सुबह से ही रोपाई का काम शुरू कर दिया। बीते दिनों बारिश की कमी से चिंतित किसान अब राहत की सांस ले रहे हैं।

#### ठंडी हवाओं से राहत, तापमान में आई गिरावट

सोमवार को सुबह से ही मौसम में ताजगी घुली रही। हवा में ठंडक और बादलों की मौजूदगी ने गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत पहुंचाई। सोमवार को जिले में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कम रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, यह गिरावट रविवार रात की बारिश व बादलों की सक्रियता का परिणाम है।

#### दो से तीन दिन मौसम में रहेगा उतार-चढ़ाव

आने वाले दो से तीन दिनों तक मौसम में इसी तरह का उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मंगलवार को भी आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। गरज-चमक के साथ हवाएं भी चल सकती हैं, जिससे मौसम खुशनुमा बना रहेगा।

**-डॉ. प्रेमदीप, मौसम वैज्ञानिक, केवीके, सोनीपत**

हरिभूमि **सहेली**
रोहतक, मंगलवार
15 जुलाई 2025



सावन विशेष

# लोकरंग में बसा सावन

आ गया सुहाना सावन, मन को मोहने वाला सावन। सावन में रिमझिम बारिश और चहुंओर फैली हरियाली के बीच मन मयूर बनकर थिरक उठता है। एक नहीं अनेक रंग हैं सावन के। सावन की सिर्फ प्राकृतिक ही नहीं, धार्मिक महत्ता भी है। सावन में हम शिवजी की आराधना करते हैं। संपूर्ण परिवार के लिए मंगल कामना करते हैं।

आवरण कथा
अलका 'सोनी'

सावन शुरू होने का अर्थ है-गर्मी की भीषण तपन के बाद बारिश की शीतल फुहारों से राहत, चारों ओर बिखरी मनोहारी हरियाली, पक्षियों की चहचहाहट। कहते हैं, सावन में संसार के पालन का दायित्व भगवान शिव को सौंप दिया जाता है। उन्हें यह दायित्व सौंप कर श्रीविष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। इस तरह सावन का एक धार्मिक महत्व भी है।

### सावन में शिव उपासना का विशेष महत्व

सावन में शिव की आराधना होती है, इसका विशेष महत्व है, क्योंकि मां पार्वती ने भगवान शिव को वर रूप में पाने के लिए सावन माह में निराहार रहकर कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी ने उन्हें मनचाहा वरदान दिया। इसलिए सावन के महीने में शिव भक्त व्रत रहकर, अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए सोमवार को शिवजी पर जलाभिषेक करते हैं। सुहागिनें भी सावन के महीने में हरी चूड़ियां, हरी साड़ी पहन कर शिवजी की पूजा करती हैं। अपनी संतान, घर-परिवार और अपने सुहाग के कल्याण के लिए वरदान मांगती हैं। इस तरह बारहों महीने में सावन का विशेष महत्व है।

### हर्षोल्लास का माहौल

सावन के आते ही प्रकृति ही नहीं वरन जीवन हरा-भरा हो उठता है। बागों में झूले पड़ जाते हैं। महिलाएं हाथों में मेहंदी रचाकर, सोलह श्रृंगार करके अपनी साखियों के साथ झूला-झूलती हैं। साथ ही रिमझिम फुहारों का भी आनंद लेती हैं। माहौल बहुत ही हर्षोल्लासमय हो जाता है।



### सावन के झूले

सावन में जगह-जगह पेड़ों पर झूले पड़ते हैं। झूला झूल कर मन प्रफुल्लित-उमंगित हो उठता है। किसी भी वजह से अगर आपको तनाव है तो झूला झूलना आपके लिए बेहतर उपक्रम है। झूला झूलने से बॉडी में हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं, जो मन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, हमें तनाव से उबारते हैं।

### दंपती भरते हैं प्यार की पेंगे

सावन में प्रिय से मिलन और उनके साथ झूला झूलने की भी रीति है। सावन माह में रिमझिम बारिश के बीच पेड़ों पर डले झूलों की पेंगें दंपती के बीच प्रेम बढ़ाती हैं। झूलों की पेंगें पति-पत्नी को एक अलग ही खुशनुमा एहसास देती हैं। झूले पर बैठी पत्नी यही चाहती है कि उसका पति उसे झुलाए और दोनों ही सावन का भरपूर आनंद लें।

### सावन में कजरी की मधुरता

सावन आते ही लोकगीत कजरी की बहार आ जाती है। शहर में विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं के आयोजन से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धान रोपती महिलाओं और झूलों पर पेंगें भरती युवतियां कजरी गाती हैं- *'हिंडलवा लागल हइ कदमवा भौजी/ चलहु झूले न पियवा सावन में विदेशवा ननदो, हिंडोलवा भावे न आवइ पानी के छिटकवा भौजी।'* आदि गीतों से ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ अलग ही छटा बिखरती है। कजरी लोकगीत ही ऐसा है, जिसे सुनने मात्र से तन-मन रसरंग में भीग उठता है। कजरी गीतों में वर्षा ऋतु के साथ प्रेम का वर्णन भी मिलता है। गायिका स्वाति निरखी कहती हैं, 'कजरी की शुरुआत देवी स्तुति से होती है। विरह वेदना के वर्णन के अलावा श्रृंगार कजरी, बारहमासा कजरी, चौमासा कजरी, ननद-भाभी और सास के रिश्ते में छेड़छाड़ को लेकर बनी कजरी भी खूब प्रचलन में है।'

### सावन के लोकरंग

सावन हमारे लोक-रंग में रचा-बसा है। इसके आने का इंतजार हम बेसब्री से करते हैं। करें भी क्यों ना, यह हरियाली की सौगात जो लेकर आता है, साथ में लेकर आता है ढेर सारे



त्योहार। इन्हीं दिनों आती है हरियाली तीज, गुड़िया और भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन। इन्हीं दिनों पानी भरे खेतों में रोपाई के लिए जाते कृषक भी दिखते हैं, तो कजरी गाती अल्हड़ युवतियों की सुरीली आवाज एक अलग समां बिखेरती है। हरी-भरी धरती पर बहते पानी में छपक-छपाक करते नटखट बच्चे भी दिखते हैं। इस तरह सावन अपने साथ जीवन के कई रंग लेकर आता है। हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करता है।

*आप सभी को सावन की मंगलकामनाएं...*



### हाथों में रचती है मेहंदी

सावन के महीने में मेहंदी लगाने की परंपरा है। ऐसा कहा जाता है कि महिला के हाथों पर मेहंदी का रंग जितना गहरा होता है, उतना ही पति का प्यार उसे मिलता है। मेहंदी लगाने से न केवल हाथ खूबसूरत लगते हैं, यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। मेहंदी की महक और रंग इंसान के तनाव को कम करते हैं। मेहंदी की तासीर ठंडी होती है। भीषण गर्मी के बाद सावन के महीने में मेहंदी लगाने से शरीर को शीतलता मिलती है।

# रिश्तों की मजबूती के लिए जरूरी है संवाद

रिश्तों की मजबूती के लिए जरूरी है संवाद रिश्ता कोई भी हो, आपस में संवाद बहुत जरूरी है। इससे कभी कोई लतफहमी या मनमुटाव नहीं होता। आपसी संवाद से टूरी बढ़ जाती है। निरंतर संवाद से रिश्ते मधुर ही नहीं होते, मजबूत भी होते हैं।

सलाह
विजय सिंह चौहान



जहां रिश्तों की बुनियाद प्रेम-स्नेह पर टिकी होती है, वहीं इसे मजबूती और स्थायित्व आपसी संवाद देते हैं। संवाद वह अदृश्य डोर है, जो हमें आपस में बांधे रखती है, दूरियां नहीं बनने देती। जब आपस में संवाद नहीं रहता तो गलतफहमियां जन्म लेने लगती हैं, दूरियां बनने लगती हैं। रिश्तों की नींव दरकने लगती है।

### फैलता आभासी दुनिया का संजाल

आज के दौर में हमने तकनीक से भले ही नजदीकियां बनाई हैं, लेकिन सिर्फ इसी माध्यम से प्रेमपूर्वक रिश्तों में बंधे रहना मुश्किल है। आभासी दुनिया के इस संजाल से भले हम पूरी दुनिया से जुड़ रहे हों, लेकिन अपनों से कटते जा रहे हैं। एक ही घर में रहने वाले सदस्य अपने-अपने कमरों में बंद मोबाइल और लैपटॉप में उलझे रहते हैं। हंसी-ठहाके, शिकवे-शिकायतें, सवाल-जवाब, सुझाव और सलाह परिवारों में अब कम दिखती है। परिवार में आपसी संवाद अब मौन हो गए हैं।

### संवादों के अभाव में बन जाती हैं दूरियां

'कैसे हो?' यह आमने-सामने बैठकर पूछने के बजाय लोग व्हाट्सएप पर पूछ रहे हैं। मिलकर बैठकर बात करना, समय की बर्बादी समझा जाता है। हमें यह समझना चाहिए कि रिश्तों में दूरियां तब आती हैं, जब आपस में बातचीत ना हो। अकसर देखा गया है कि किसी से मनमुटाव का कोई बड़ा कारण नहीं होता, बस कोई छोटी सी बात होती है, लेकिन हम चुप्पी साधे रहते हैं और फिर संवादों के अभाव में दूरियां बन जाती हैं। चुप्पी संबंधों को भीतर ही भीतर खोखला कर देती है। अंततः संबंध बिखर जाते हैं, जबकि संवादों के माध्यम से संबंध सहेजे जा सकते थे।



### संवाद कायम करते हैं भरोसा

कहते हैं, संवाद केवल शब्द नहीं, भरोसे की भाषा होते हैं। इसमें सिर्फ बोलना ही नहीं, सुनना और समझना भी शामिल होता है। जब हम किसी की बातें ध्यान से सुनते हैं, जरूरत के मुताबिक सही सलाह देकर उसका संबल बनते हैं तो दो दिलों के बीच भरोसे का एक गहरा रिश्ता बनता है।

अकसर जब रिश्तों में मनमुटाव आता है, हम सोचते हैं, 'हर बार पहल मैं ही क्यों करूं?' या 'उसे जरूरत होगी तो वह खुद संपर्क करेगा।' यह सोच धीरे-धीरे रिश्तों को बिखेर देती है। कभी-कभी बिखरे मोती समेटने के लिए झुकना पड़ता है। रिश्तों में झुकना कमजोरी नहीं, एक बड़प्पन है। एक छोटा-सा संवाद 'कैसे हो?' किसी के सूने मन को झंकृत कर सकता है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, रिश्तों में सहज संवाद को स्थान दें। इसलिए कभी-कभी अपनों के लिए फोन उठाइए और बिना किसी औपचारिकता के बात करें। उससे बात करने के लिए घर भी पहुंच जाएं। अपने घर में भी भोजन करते समय मोबाइल और टीवी से दूरी बनाकर रखें, अपने परिवार के साथ दिनभर की बातें साझा करें, पति/पत्नी के मन की सुनिए, बच्चों की जिज्ञासाओं पर ध्यान दें ताकि वे अपने मन की बातें आपके सामने खुलकर करें। आप भी उनको आवश्यतानुसार अपना मार्गदर्शन दे सकें। इस तरह के प्रयास और दिल से बोले संवाद रिश्तों को हमेशा मधुर बनाए रखते हैं। तो अपनों से संवाद बनाए रखें, रिश्ते सहेज कर रखें।

वास्तु सलाह
अनीता जैन, वास्तुविद

अगर वास्तु नियमों का ध्यान रखा जाए और उसके अनुसार घर की सजावट की जाए तो समृद्धि और सकारात्मकता बनी रहती है। इसके लिए किन उपायों पर अमल करना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

# घर की सजावट में वास्तु संतुलन बनी रहेगी सकारात्मक ऊर्जा



वास्तु शास्त्र केवल घर-ऑफिस बनवाते समय दिशाओं के निर्धारण या निर्माण तकनीकों तक सीमित नहीं होता है, बल्कि यह हमारे जीवन के अनेक पहलुओं को प्रभावित करने वाली ऊर्जा का विज्ञान भी है। घर में रखी प्रत्येक वस्तु, चाहे वह सजावटी सामान हो, फर्नीचर हो या घरेलू उपकरण, हमारे अवचेतन मन पर गहरा प्रभाव डालती है। यदि इनका स्थान और चयन वास्तु सिद्धांतों के अनुरूप हो, तो जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और उत्साह बना रहता है। आइए जानें कि इंटीरियर डेकोरेशन के माध्यम से किस प्रकार हम अपने घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बनाए रख सकते हैं।

**प्रवेश द्वार हो ऐसा:** घर के प्रवेश द्वार को वास्तु में अत्यंत शक्तिशाली क्षेत्र माना जाता है। यह न केवल आगंतुकों और मेहमानों पर अच्छा प्रभाव छोड़ता है, बल्कि यहीं से घर के भीतर ऊर्जा का प्रवाह आरंभ होता है। इसलिए इस क्षेत्र को सदैव स्वच्छ रखें और यहां शुभ प्रतीक जैसे



स्वास्तिक, ॐ, कलश, घंटी, शंख, मछलियों का जोड़ा या आशीर्वाद मुद्रा में गणेश जी की तस्वीर लगाना शुभ माना गया है। फूलों का तोरण, विशेष तौर पर ताजे या कृत्रिम साफ-सुथरे फूलों से बना, द्वार को आकर्षक और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाता है।


**सजावट में शुभता-सौम्यता:** घर की दीवारों पर लगाई गई तस्वीरें या शोपीस हमारे मनोभावों को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। युद्ध, खंडहर, सूखे पेड़ या हिंसक जानवरों की छवियां घर में अशांति ला सकती हैं। इसके विपरीत दौड़ते हुए घोड़े की तस्वीर (पूर्व या उत्तर-पश्चिम में), हाथी (उत्तर या दक्षिण में) और गाय की तस्वीरें (पूर्व या दक्षिण-पूर्व में) सकारात्मक ऊर्जा, यश और शांति को आमंत्रित करती हैं।



**पौधों से आती है ताजगी-समृद्धि:** ड्रॉइंग रूम में उत्तर या पूर्व दिशा में मनीप्लांट, बैंबू बंच या छोटे इंडोर पौधे लगाने से वातावरण में ताजगी और घर में समृद्धि बनी रहती है। इस स्थान पर सूखे, कांटेदार या बोंसाई पौधों को लगाने से बचना चाहिए क्योंकि ये अवरोधक ऊर्जा का प्रतीक होते हैं। घर की उत्तर दिशा में लहलहाते खेत या जंगल का चित्र कार्य में सफलता और धन वृद्धि लाने में सहायक होता है।

**देवस्थान और प्रकाश का संतुलन:** उत्तर-पूर्व दिशा को पूजा, ध्यान और प्रार्थना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। बेहतर होगा इस स्थान पर अपने ईष्टदेव की तस्वीर या प्रतिमा लगाएं। दिवंगत परिजनों की फोटो दक्षिण-पश्चिम में और गुरु की तस्वीर पश्चिम दिशा में लगाने से आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रवाह होता है। घर में प्रकाश की व्यवस्था भी संतुलित होनी चाहिए। रोशनी की सही मात्रा, घर में ऊर्जा को संतुलित करती है।

### इन उपायों से घर बनेगा ऊर्जावान



- बेडरूम में दो हंसों या लव बर्ड्स का शोपीस या राधा-कृष्ण की तस्वीर उत्तर दिशा में लगाएं।
- रसोई में गैस स्टोव दक्षिण-पूर्व और पानी का कलश उत्तर-पूर्व दिशा में रखें।
- ईशान कोण में तुलसी का पौधा लगाकर नियमित जल अर्पण करें और दीपक जलाएं।
- उत्तर, ईशान और पूर्व दिशा में हल्के सामान जबकि दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम दिशा में भारी फर्नीचर रखें। परदों के रंग भी दिशाओं के अनुसार तय करें।

केयर
डॉ. सरोज राय, डर्मेटोलॉजिस्ट

# तब बारिश में नहीं होगी स्किन-हेयर प्रॉब्लम

बहुत सी महिलाएं रेनी सीजन में फेस पर होने वाले पिंपल्स और पिगमेंटेशन से परेशान हो जाती हैं तो कई महिलाओं को हेयर फॉल का भी सामना करना पड़ता है। इन दोनों सीजलन प्रॉब्लम्स से राहत पाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**न छोड़ें सनस्क्रीन लगाना:** कई महिलाएं सोचती हैं कि सनस्क्रीन केवल तेज धूप के दिनों में ही लगानी चाहिए। सच्चाई तो यह है कि जब आसमान में बादल छाए रहते हैं, यानी बरसात के दिनों में भी सूरज की अल्ट्रा वॉयलेट किरणें (यूवी रेज) नुकसानदेह साबित होती हैं। मौसम चाहे जो भी हो, कम से कम 30 एसपीएफ का सनस्क्रीन आपको अपनी स्किन पर जरूर लगानी चाहिए।

**करें स्कैल्प की सफाई:** पसीने और



वातावरण में मौजूद नमी के कारण सिर की त्वचा में इंफेक्शन या डेंड्रफ की प्रॉब्लम हो सकती है। इनसे बचने के लिए बारिश के दिनों में नियमित तौर पर किसी माइल्ड शैंपू से बालों को साफ करें। बारिश में भीग जाएं तब भी बालों को साफ कर पॉल्यूटेंट्स और बारिश का पानी हटा लें। सिर की त्वचा यानी स्कैल्प को साफ रखना फंगल इंफेक्शन और दूसरी समस्याओं से बचाव करता है।

**क्रीम-ऑयली प्रोडक्ट का यूज:** हैवी गाढ़ी क्रीम और ऑयल बेस्ड प्रोडक्ट का इस्तेमाल मानसून के नमी वाले मौसम में त्वचा के पोर्स को बंद कर सकता है। इनकी जगह लाइट वेट क्रीम नॉन कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर और सीरम का उपयोग किया जाना चाहिए, जो त्वचा को बिना चिपचिपा किए नमीयुक्त रखता है।



**ना हो हाइड्रेशन की कमी:** हालांकि इस मौसम में वातावरण में अधिक नमी महसूस होती है, लेकिन आपकी त्वचा को अंदर से बाहर तक हाइड्रेटेड रखना भी जरूरी होता है। इसके लिए सुनिश्चित करें कि आप इस मौसम में भी पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और अपने आहार में पानीयुक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें। अपनी त्वचा को पूरे दिन तरोताजा बनाए रखने के लिए हाइड्रेटिंग फेशियल मिस्ट का उपयोग भी कर सकती हैं।

**स्किन रखें ड्राय:** बारिश में भीगने के बाद फंगल इंफेक्शन और त्वचा की जलन से बचने के लिए इसे ठीक से सुखाना जरूरी है। खासतौर पर जांघों, अंडर आर्म्स की स्किन को ड्राय रखने पर विशेष ध्यान दें।

**अधिक एक्सफोलीएशन से बचें:** बेशक स्क्रबर, डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करती है, लेकिन इसके अधिक उपयोग से आपकी त्वचा से आवश्यक तेल निकल सकता है। मानसून के दौरान महीने में एक या दो बार तक ही स्क्रबर का उपयोग करें। इस मौसम में चटपटे व्यंजन अधिक ना खाएं।

**प्रस्तुति: चेतना झा**

योगोपचार
कौशल किशोर, योगाचार्य

कई महिलाएं और लड़कियां, पीरियड्स के दौरान पेट दर्द, थकान, सिर दर्द या मूड स्विंग से परेशान रहती हैं। इन प्रॉब्लम्स से राहत के लिए आप कुछ योगसनों का अभ्यास कर सकती हैं। यहां कुछ ऐसे ही योगसनों की विधि के बारे में बताया जा रहा है।

# पीरियड्स के दौरान उपयोगी हैं ये योगासन

पहले के दौर में ऐसी धारणा थी कि पीरियड्स के दौरान कोई भी वर्कआउट या योगासन नहीं करना चाहिए। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने स्टडी के द्वारा यह सिद्ध कर दिया है कि कुछ योगासन करने से पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं से आराम मिल सकता है। हम आपको यहां कुछ ऐसे ही उपयोगी आसनों के बारे में बता रहे हैं।

**वज्रासन:** सबसे पहले दरी या योगासन मैट बिछा लें। उसके बाद अपने घुटनों को मोड़कर एड़ियों पर बैठ जाएं। दोनों एड़ियों को एक-दूसरे से थोड़ा अलग रखें और अपने दोनों पंजों पर नितंब को टिकाएं। इस दरम्यान पीठ, गर्दन और अपने सिर को सीधा रखें और अपने दोनों हाथों को घुटनों पर रखें। यह ध्यान रखें कि हथेलियां नीचे की ओर रहें। अपनी आंखें बंद करें और धीरे-धीरे सांस लें फिर छोड़ें। फिर 5 से 15 मिनट तक इसी स्थिति में रहें। इससे पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द से राहत मिलेगी।

**शशांक आसन:** इसके लिए सबसे पहले वज्रासन में बैठ जाएं। अपने दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और कानों के पास सीधा रखें। धीरे-धीरे अपनी सांस को छोड़ते हुए आगे की



वज्रासन



शशांक आसन

ओर झुकाएं और माथा जमीन से लगाएं। अपने हाथ को भी सामने जमीन पर ही रखें। पूरे शरीर को ढीला छोड़ दें और कुछ समय इसी स्थिति में रहें। सांस लेते हुए वापस वज्रासन की स्थिति में आ जाएं।

**भ्रामरी प्राणायाम:** इसे करने के लिए सुखासन, पद्मासन या वज्रासन में रीढ़ को सीधा करके बैठ जाएं। आंखें बंद कर अपने शरीर को एकदम शांत करें। अपने दोनों हाथों की पहली अंगुली को माथे पर रखें। मध्यमा अंगुलियों से आंखों को बंद करें। अनामिका से नाक के पास गालों को हल्का दबाएं और अंगूठों से दोनों कानों को बंद करें। गहरी सांस लें और सांस को छोड़ते हुए भौंरे जैसी आवाज करें। यह प्रक्रिया 5 से 10 बार दोहराएं।

**मेरुवक्रासन:** योगा मैट पर सीधा बैठ कर पैर आगे की ओर फैलाएं। अपने बाएं पैर को मोड़कर उसका तलवा दाएं घुटने के पास रखें। दायां हाथ बाएं घुटने के बाहर रखें और बाएं हाथ को पीछे जमीन पर टेक लगा दें। अपनी रीढ़ को सीधा रखते हुए धीरे-धीरे धड़ को बाईं ओर मोड़ें। कुछ देर इसी स्थिति में रहने के बाद वापस धीरे से आ जाएं। अब यही प्रक्रिया दूसरी ओर से दोहराएं।

**ताड़ासन:** ताड़ासन को करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं और अपने दोनों पैरों को एक साथ मिलाएं।



अपने हाथों और पीठ को सीधा रखें। सांस लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर उठाएं। उस समय हथेलियां आपस में जुड़ी हुई रहनी चाहिए। अब अपनी एड़ियों को उठाकर पंजों के बल खड़े हो जाएं और अपने पूरे शरीर को ताड़ के पेड़ की तरह ऊपर की ओर खींचें। थोड़ी देर इस स्थिति में रहने के बाद सांस छोड़ते हुए वापस आ जाएं।

इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी योगासन करने से पहले अनुभवी प्रशिक्षक से इसे अच्छी तरह सीख लें।

**प्रस्तुति: संध्या रानी**

## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे किए रोपित

**गोहाना।** शैक्षणिक खंड मुंडलाना के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला खन्दराई में सोमवार को गुरु और शिष्यों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। गुरु और शिष्यों ने पौधों की नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी ली। मार्गदर्शन इको क्लब इंचार्ज जेबीटी शिक्षक जयपाल लाठर का रहा। कहा कि पेड़-पौधे पृथ्वी के आभूषण हैं। पेड़-पौधों से ही धरती की सुंदरता है।

### महिला विवि में पंद्रह दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के शिक्षा विभाग में टीचिंग मास्टरी-माइक्रो एंड मेगा टीचिंग स्किल्स फॉर क्लासरूम एक्सीलेंस विषय पर आयोजित पंद्रह दिवसीय कार्यशाला सोमवार को सम्पन्न हो गई। यह कार्यशाला 1 जुलाई से शुरू हुई थी। समाप सत्र में कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित वैश्विक संगठन आर्ट ऑफ लिविंग से कविता और शीतल ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया।

## टिकट के रुपये लेकर रास्ते में उतारा, पुलिस को दी शिकायत

# रोडवेज बस चालक व परिचालक पर मारपीट का लगाया आरोप

### घायल युवक ने नागरिक अस्पताल में करवाया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल से कुरूक्षेत्र जाने के लिए रोडवेज बस में सवार हुए युवक से मारपीट कर घायल करने व टिकट के रुपये लेकर बस से नीचे उतारने के आरोप का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल हुआ युवक उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचा। जहां उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे छुट्टी दे दी। पीड़ित ने मामले को लेकर मुरथल थाना पुलिस को शिकायत दी है। कुरूक्षेत्र निवासी साहिल ने बताया कि वह सोनीपत शहर में एक निजी अस्पताल में बतौर चिकित्सक के तौर पर काम करता है। सोमवार को वह डयूटी खत्म होने के बाद मुरथल फ्लाईओवर के पास जीटी रोड पर पहुंचा। जहां सोनीपत डिपो की चण्डीगढ़ जाने वाली बस में चढ़ गया। बस में सीट पर बैठने को लेकर परिचालक ने कहासुनी करना शुरू कर दी।

विरोध करने पर चालक व परिचालक ने उसके साथ मारपीट की। उसका मोबाइल फोन छीन लिया। उससे कुरुक्षेत्र जाने के लिए टिकट के दो सौ रुपये भी लिए, लेकिन उसे न टिकट दी। विरोध करने पर दोनों ने जबरदस्ती मुरथल भिगान टोल पर उसे उतार दिया। उसने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को शिकायत दी। उसके बाद वह घायल अवस्था में उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचा। जहां उसने अपना उपचार करवाया। पीड़ित ने बताया कि उसने मामले को लेकर मुरथल थाना पुलिस को भी अवगत करवाया है।



**सोनीपत।** आपातकालीन कक्ष में चिकित्सक ने जानकारी देते हुए घायल।

### रोडवेज विभाग में पीड़ित का पिता तैनात

साहिल ने बताया कि उसके पिता रोडवेज विभाग में तैनात है। हाल में उनकी ड्यूटी कुरुक्षेत्र में डिपो में तैनात है। उन्होंने बस चालक व परिचालक को अपने पिता से बातचीत करने के लिए भी कहा, लेकिन उसका मोबाइल फोन छीन लिया। उसके बाद उसे रास्ते में भिगान टोल पर उतारकर फरार हो गए।

### शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

चिकित्सक के साथ अभद्रता व मारपीट की शिकायत उन्हें नहीं मिली है। मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में मेल व लिखित में कोई भी शिकायत प्राप्त होती है, तो कर्मचारियों के खिलाफ जांच के बाद विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।
**-संजय सिंह,** महाप्रबंधक सोनीपत डिपो।

# स्टेट कुराश चैम्पियनशिप में तीन पदक जीतकर खिलाड़ी चमके

- प्रताप सिंह मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

हरियाणा स्टेट सब जूनियर कुराश चैम्पियनशिप में प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता 13 जुलाई को रोहतक में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुशल राठी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। जबकि विश्वजीत मलिक और आर्य मलिक ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रताप स्कूल परिसर में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया व कोच मोहित पंवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि सिल्वर मेडलिस्ट कुशल राठी का चयन आगामी नेशनल कुराश चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि कुशल इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुका है। डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि खिलाड़ियों को सुबह-शाम नियमित रूप से अभ्यास कराया जाता है। खेलों की उत्तम व्यवस्थाओं और अनुशासित प्रशिक्षण पद्धति के चलते ही छात्र निरंतर पदक अर्जित कर रहे हैं। विजेता खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, कोचों तथा विद्यालय प्रबंधन समिति को दिया।




**खरखौदा।** खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन

## तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से ऑटो में मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर बीसवां मील चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रही ऑटो को चपेट में ले लिया। हादसे में ऑटो सवार बुजुर्ग व महिला घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर जाने लगे। जहां रास्ते में बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव महलाना निवासी मीना ने बताया कि उसकी रिश्तेदारी में गांव पतला में शोक चल रहा है। वह भठगांव निवासी अपने ताऊ मुखतयार सिंह (78) व अन्य रिश्तेदारों के साथ बस स्टैंड पर पहुंची। जहां से करेवड़ी निवासी युवक की ऑटो किराए पर की। उसके बाद वह ऑटो लेकर गांव पतला जाने लगे। जीटी रोड पर बीसवां मील के पास पीछे से ऑटो में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में उसका ताऊ व वह खुद घायल हो गई। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई। जबकि उसके ताऊ की तबीयत ज्यादा गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

# नपा ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

- थाना कलां चौक से दिल्ली चौक तक बाहर रखा सामान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

नगर पालिका द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशों पर शहर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ था,उस सामान को कर्मी उठाकर नगर पालिका कार्यालय ले गए । थाना कलां चौक से दिल्ली चौक तक यह अभियान चलाया गया। अब यह अभियान लगातार जारी रहेगा, क्योंकि कावड़ का सीजन है और कांवड़िए यहां से होकर गुजरेंगे। दूसरी तरफ दुकानदार बाहर तक सामान रख कर अतिक्रमण कर रहे हैं और प्रशासनिक चेतावनी के बाद भी बाज नहीं आ रहे हैं। सड़क मार्ग पर डिवाइडर होने के कारण पहले से ही रास्ता तंग है। प्राइवेट बसों को शहर के अंदर से गुजरने से रोकने में प्रशासन नाकाम हो रहा है। जबकि सरकारी बसें बाईपास होकर गुजरती है। नगर पालिका सचिव पंकज जून का कहना है कि जिन दुकानदारों ने सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है उसे हटाया जाएगा। इतना ही नहीं जिन्होंने अवैध कब्जा किया हुआ है, उनके कब्जे भी तोड़े जाएंगे। पुलिस प्रशासन भी इस मामले में पूरी तरह से सक्रिय है। सोनीपत में पुलिस प्रशासन ने स्पेशल अभियान चलाया हुआ है और पुलिस द्वारा पैदल पेट्रोलिंग भी की जा रही है।



**खरखौदा।** दुकानों के आगे से सामान उठाते नगर पालिका कर्मचारी।

# विदेशी मुद्रा व्यापार के नाम पर 13 लोगों से लाखों रुपये की ठगी

- मुरथल थाना पुलिस ने की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली के ओम प्रकाश अरोड़ा ने विदेशी मुद्रा व्यापार के नाम पर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी के आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। पीड़ित ने पहले गुरुग्राम पुलिस को शिकायत दी थी, अब उनकी शिकायत थाना मुरथल में ट्रांसफर कर दी गई है। शिकायत में डन्होंने विदेशी मुद्रा में मुनाफ का झांसा देकर 13 लोगों से 56.77 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है और आरोपितों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित ओम प्रकाश अरोड़ा ने बताया कि यह ठगी एक कंपनी के नाम पर बने व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए की गई, जिसमें दविंदर वर्मा, राकेश यादव, परवीन यादव सहित कई अन्य व्यक्ति विदेशी मुद्रा व्यापार में उच्च रिटर्न का झांसा देकर निवेश करवाते थे। उन्होंने आरोप लगाए कि व्हाट्सएप चैट, मोबाइल डेटा, बैंक स्टेटमेंट, लैपटाप रिकार्ड समेत डिजिटल और वित्तीय साक्ष्य होने के बावजूद उन्हें नजरअंदाज किया गया।पीड़ित की मांग है कि सभी संबंधित कंपनियों और उनके प्रमोटरों, निदेशकों के मोबाइल, लैपटाप व बैंक खातों की गहन जांच व फोरेंसिक विश्लेषण कराया जाए।

# विकास में नहीं आएगी कोई कमी : देवेंद्र

- पांची जाटान गांव में विधायक ने ट्यूबवेल व दो आरओ वाटर कूलरों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पांची जाटान गांव में विधायक देवेंद्र कादियान ने गांव के सरकारी स्कूल परिसर में नए ट्यूबवेल और दो आरओ वाटर कूलर का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। जनस्वास्थय विभाग द्वारा ट्यूबवेल व वाटर कूलर ग्राम पंचायत द्वारा लगवाया गया है। दोनों कार्यों पर करीब 30 लाख रुपए खर्च हुए। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर विधायक का स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा कि गांव में पीने के पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। पहले एक ट्यूबवेल लग चुका था। अब दूसरा लगने से समस्या खत्म होगी। दो आरओ वाटर कूलर लगने से लोगों को गर्मी में ठंडा और साफ पानी मिलेगा। यह सुविधा गांव के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि गन्नौर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। शहर और गांव में बराबर विकास होगा। वे क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। आम जनता को साथ लेकर क्षेत्र में रचनात्मक और सुजनात्मक कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में और भी काम होंगे। इस मौके पर जेई प्रिंस, जेई मुकेश, सचिव नीरज, बबलू, मंगल, वेदपाल, धर्मबीर, आजाद सिंह, कृष्ण, किताब सिंह मौजूद रहे।



**गन्नौर।** विधायक देवेन्द्र कादियान रिबन काटकर नए ट्यूबवेल और दो आरओ वाटर कूलर का शुभारंभ करते हुए।



### प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करें : मेहरा

**गोहाना।** शहर में सोनीपत रोड स्थित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कार्यालय में सोमवार को एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने अधिकारियों वे कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में सरकार की योजनाओं पर किए जा रहे कार्य को लेकर फीडबैक लिया गया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी किसानों को प्राकृतिक खेती को लेकर प्रोत्साहित करें। प्राकृतिक खेती समय की मांग है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से खाद्यानों क गुणवत्ता बढ़ेगी और किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम मिलेंगे। किसानों को खेतों की मिट्टी व पानी की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।



**गन्नौर।** विजेता टीम का सम्मान करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा व शिक्षक।

## कबड्डी प्रतियोगिता में डीएवी गन्नौर ने हासिल किया तीसरा स्थान

**गन्नौर।** सी.बी.एस.ई द्वारा बी.एम हाई स्कूल,(सेक्टर 6)बहादुरगढ़ में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता (कलस्टर लेवल) में जयंती प्रसाद डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, गन्नौर के अंडर 14 (लड़को) खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अनेक विद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें जयंती प्रसाद डी.ए.वी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कोच संदीप के निर्देशन में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों एवं शिक्षकों को बधाई दी और उन्हें जीवन में इसी तरह आगे बढ़ते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। खेल शिक्षिका पूजा दिगानी एवं खेल शिक्षक अशोक ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

# सावन के पहले सोमवार पर शिवमंदिर में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

- मंदिर परिसर में भक्तों की लगी लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सावन के पहले सोमवार पर नरेंद्र नगर स्थित शिवमंदिर में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लग गई और हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, दही, शहद और बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव से परिवार की सुख-शांति और मंगलकामनाओं की प्रार्थना की। रविवार शाम, सावन सोमवार की पूर्व संध्या पर शिवमंदिर को फूलों, रंग-बिरंगी झालरों और लाइटिंग से आकर्षक रूप से सजाया गया था। मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन और शिव आरती का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए थे।



**सोनीपत।** नरेंद्र नगर स्थित शिव मंदिर में पहुंचें श्रद्धालुगण।



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

## राज्य स्तरीय तैराकी में जीते पदक

**सोनीपत।** 42वीं सब-जूनियर, 52वीं जूनियर और 60वीं सीनियर हरियाणा राज्य तैराकी चैंपियनशिप 2025 का आयोजन बहादुरगढ़ में 7 जुलाई से 12 जुलाई तक किया गया। हरियाणा राज्य के अनेक विद्यालयों के तैराकों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। ब्राइट स्कॉलर स्कूल की तैराकों की टीम ने इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और अनेक पदक जीत कर प्रतियोगिता के अंत तक दबदबा बनाए रखा। अयानवीर खत्री- 2 स्वर्ण, 6 रजत, 2 कांस्य, इराज सहरावत- 3 स्वर्ण, 5 रजत, अनव मलिक - 1 स्वर्ण, 3 रजत जीता व इनका राष्ट्र स्तर के लिए चयन किया गया। इसके अलावा प्रांजल- 2 स्वर्ण, 6 रजत, 2 कांस्य, दक्ष राठी- 1 रजत, 1 कांस्य, विवान खत्री - 1 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य, काव्या शर्मा- 1 स्वर्ण, 1 कांस्य, युवराज- 1 स्वर्ण, 2 रजत, अगस्त्य भनवाला - 2 रजत, सोनित सरोहा- 1 कांस्य, त्रिशा - 1 कांस्य पदज जीता एवं यशिका व देवांश ने भी अपने अच्छा प्रदर्शन किया। स्कूल प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने सभी विजेताओं को व उनके प्रशिक्षक नीरज को बधाई दी व सभी को विद्यालय पहुंचने पर समान्नित किया।

*अध्यापकों के चरणों में अर्पित किए फूल, लिया आशीर्वाद*

# गुरु पूर्णिमा के मौके पर अध्यापकों का किया सम्मान

- पीएमश्री गवर्नमेंट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की शाखा सोनीपत द्वारा सोमवार को पीएमश्री गवर्नमेंट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, खरखौदा में गुरु पूर्णिमा के उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थिति लगभग 600 रही, जिसमें 580 बच्चे, 15 अध्यापक/अध्यापिका तथा 5 विवेकानंद केंद्र, सोनीपत के सदस्य शामिल हुए। इस आयोजन में स्कूल के बच्चों ने गुरु वंदना गया और अध्यापकों के चरणों में फूल अर्पण कर उनका सम्मान किया तथा उनसे अपने अच्छे और सफल जीवन के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विवेकानंद केंद्र के सदस्यों डॉ. सुधीर गर्ग, प्रदीप और संजय भूटानी ने भी अपने विचारों के माध्यम से बच्चों को एक गुरु का व्यक्ति जीवन में महत्व के बारे में जानकारी दी। संजय भूटानी ने भारत की पुरानी शिष्य परंपरा से बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने गुरु गोविंद दोऊ खड़े, जैसे वाक्यों का महत्व बताते हुए गुरु शिष्य समर्पण संबंधित कुछ अन्य मंत्र भी बताए। स्कूल की प्रधानाचार्य निर्मल ने अपने विचारों से एक गुरु का महत्व बताते हुए सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। अंत में स्कूल की प्रिन्सिपल द्वारा वहां उपस्थित विवेकानंद केंद्र के सदस्यों, अध्यापक/अध्यापिका का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थीगण।

## जांच करवाने आई महिलाओं में 1,267 हाई रिस्क केस के लिए चिन्हित

# सुरक्षित जननी कार्यक्रम के तहत जिले में की 5,413 गर्भवती महिलाओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में चल रहे सुरक्षित जननी कार्यक्रम के तहत सोमवार को 710 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें से 169 महिलाओं को हाई रिस्क श्रेणी में पाया गया। डॉ जितेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित किया जा रहा है। अब तक जिलेभर में कुल 5413 गर्भवती महिलाओं की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 1267 महिलाएं हाई रिस्क कैटेगरी में पाई गई हैं। सभी हाई रिस्क मामलों में आवश्यक उपचार प्रारंभ कर दिया गया है।

बता दें कि स्वास्थ्य विभाग वर्ष में दो बार यह विशेष अभियान चलाता है, ताकि गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच और उचित उपचार से सुरक्षित और सामान्य प्रसव सुनिश्चित किया जा सके। जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम और अन्य आवश्यक दवाइयां भी प्रदान की जा रही हैं ताकि उनके शरीर में खून की कमी दूर की जा सके और संपूर्ण पोषण सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. जितेंद्र ने बताया कि मातृ मृत्यु दर को कम करने और जच्चा-बच्चा दोनों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है। सुरक्षित जननी कार्यक्रम इसी दिशा में एक प्रभावी कदम है,जिससे जिले की हजारों महिलाओं को लाभ मिल रहा है।



**सोनीपत।** कैंप में जांच करते हुए स्वास्थ्य कर्मी।

### शिविर में 33 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में सोमवार को 33 लोगों ने रक्तदान किया। यह शिविर हर सप्ताह की तरह शहर में सोनीपत मार्ग टी प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में आयोजित हुआ। शिविर के मुख्य अतिथि सीए राजेश भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि महाराजा अग्रसेन सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल और भंडारा इंचार्ज सन्नी खुराना थे। अध्यक्षता भागराम ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की। संयोजन सेवा सिंह ढुल का रहा। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में दंपति संदीप और गीता ने रक्तदान किया। नियमित रक्तदाताओं में जसबीर, महेश बंसल, सतीश, जगदीश, नीरज मलिक, प्रदीप अत्री, सुनील और हिमांशु ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में सागर, सतीश, रोहित और सन्नी ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

# आईटीआई में दूसरी मेरिट लिस्ट का आज अंतिम दिन, कॉलेज में लेट फीस के साथ दाखिला

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में भी चल रही दाखिला प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में चल रही प्रवेश प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। उच्चतर शिक्षा विभाग और तकनीकी शिक्षा संस्थानों की ओर से दाखिले को लेकर अंतिम तारीखें नजदीक आते ही कॉलेजों और आईटीआई संस्थानों में विद्यार्थियों की भीड़ बढ़ गई है। 15 जुलाई यानी आज आईटीआई की दूसरी मेरिट लिस्ट के तहत दाखिले का आखिरी दिन है, वहीं कॉलेजों में ओपन काउंसिलिंग प्रक्रिया भी जारी है, जोकि जल्द ही समाप्त हो जाएगी। इसके साथ ही राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में भी दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। संस्थान में काउंसिलिंग का दौर 15 जुलाई तक जारी रहेगा। विद्यार्थी अपने दस्तावेजों के साथ संबंधित संस्थानों में पहुंचकर काउंसिलिंग में



**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज में दाखिलों के लिए पहुंचें विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

भाग ले रहे हैं। दाखिले की अंतिम तिथि नजदीक आते ही अब विद्यार्थियों के बीच हलचल तेज हो गई है। कॉलेजों और आईटीआई परिसरों में लगातार दस्तावेज सत्यापन, फीस जमा और सीट सुनिश्चित करने की प्रक्रिया चल रही है। दाखिलों के इस अंतिम चरण में विद्यार्थियों और कॉलेज प्रबंधन दोनों के लिए यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिला ले रहे विद्यार्थियों के लिए आज बड़ा दिन है। 11 जुलाई को जारी की गई दूसरी मेरिट लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आया है, वे 15 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा कर दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके बाद उन्हें अगली सूची या प्रक्रिया का इंतजार करना पड़ेगा। इस बार जिले के 12 राजकीय आईटीआई में कुल 4536 सीटों के लिए दाखिला प्रक्रिया चल रही है। हालांकि पहले चरण में अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिली। उदाहरण के लिए, सोनीपत आईटीआई में पहले चरण में 419 विद्यार्थियों को सीटें आवंटित की गई थीं, लेकिन इनमें से केवल 182 विद्यार्थियों ने ही समय पर दाखिला लिया। दूसरी सूची में 138 नए नाम आए हैं, जिनमें से अधिकांश अब अंतिम दिन पहुंचकर प्रवेश सुनिश्चित करने में जुटे हैं।

### कॉलेजों में भी चला ओपन काउंसिलिंग का दौर

उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए 10 जुलाई को पोर्टल फिर से खोला गया था। इससे पहले 19 मई से 16 जून तक पंजीकरण, 26 जून को पहली और 2 जुलाई को दूसरी मेरिट सूची जारी हो चुकी थी। लेकिन इन दोनों चरणों में अधिकांश कॉलेजों में 20 से 30 प्रतिशत सीटों पर ही दाखिले हो पाए, जिससे कॉलेज प्रशासन की चिंताएं बढ़ गई थीं। पोर्टल दोबारा खुलने के साथ ही कॉलेजों में ओपन काउंसिलिंग शुरू हुई, जोकि जारी है। कॉलेज परिसरों में पिछले कई दिनों से छात्रों की चहल पहल देखी जा रही है। हिंदू कॉलेज के प्रवक्ता गौरव ने बताया कि जो विद्यार्थी पहले दाखिले से वंचित रह गए थे, वे अब 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ दाखिला लेने के लिए दौड़भाग कर रहे हैं। 17 जुलाई से यह विलंब शुल्क प्रतिदिन के हिसाब से बढ़कर 100 रुपये प्रतिदिन हो जाएगा।

## स्नातकोत्तर कोर्सों में प्रवेश की पहली मेरिट लिस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां में स्नातकोत्तर कोर्सों में प्रवेश के लिए सोमवार को पहली मेरिट लिस्ट जारी हो गई। कोर्सों में प्रवेश के लिए फीस भरने की अंतिम तिथि 17 जुलाई है। महिला विवि के निदेशक जनसंपर्क लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा ने बताया कि एमए हिंदी की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 72.21 प्रतिशत और हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 62.54 प्रतिशत रही। एमए इकोनॉमिक्स की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 77.87 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 72.88 प्रतिशत रही। एमकॉम की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 79.23 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 69.32 प्रतिशत रही। एमबीए की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 79.17 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 71.91 प्रतिशत रही। एमए संस्कृत की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 80.04 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 70.46 प्रतिशत रही। एमए राजनीति विज्ञान की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 81.54 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 68.38 प्रतिशत रही। एमएससी गणित की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 79.4 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 74.25 प्रतिशत रही। एमएससी जियोग्राफी की ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी कट ऑफ 75.73 प्रतिशत व हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी कट ऑफ 68.13 प्रतिशत रही।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में जेल वार्डन की मौत

गन्नौर। कैलाना मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में दिल्ली पुलिस में जेल वार्डन के पद पर तैनात एक जवान की मौत हो गई। जानकारी अनुसार कैलाना गांव के रहने वाले दिल्ली पुलिस के जेल वार्डन जितेंद्र रविवार देर शाम नदिपुर माजरा गांव से बाइक पर घर लौट रहा था। कैलाना मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस ने शव स्वजन को सौंप दिया है।

### मकान से हजारों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी

सोनीपत। शहर थाना क्षेत्र के वेस्ट राम नगर में किराए के मकान से हजारों रुपये की राशि व जेवरात के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

गांव सेहरी हाल में वेस्टराम नगर निवासी अनिल ने बताया कि वह किराए के कमरे पर रहता है। वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ रिश्तेदार के घर पर गया था। घर पर ताला लगाकर वह चला गया था।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने सात स्कूलों का किया औचक निरीक्षण, मिली खामियां

# किसी स्कूल में अध्यापक गैरहाजिर, कहीं शिक्षण सामग्री की जांच में लापरवाही मिली

झिंझौली के स्कूल में मिड-डे मील का रिकार्ड अधूरा, सेरसा में सफाई व्यवस्था थी बदहाल

विद्यालयों में मिली अनियमितताएं व अनुपस्थित अध्यापकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में सरकारी स्कूलों की व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) नवीन गुलिया ने सोमवार सुबह जिले के सात राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्कूलों में शिक्षकों की अनुपस्थिति, मिड डे मील रिकॉर्ड की खामियां, शिक्षण सामग्री की जांच में लापरवाही और साफ-सफाई में भारी अनियमितता सामने आई। डीईओ ने मौके पर नाराजगी जताते हुए संबंधित प्राचार्यों और



**सोनीपत।** सरकारी विद्यालयों में निरीक्षण करते जिला शिक्षा अधिकारी।

शिक्षकों को स्पष्टीकरण जारी करने व अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीईओ ने बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर, अध्यापक डायरी, और कॉपी जांच जैसे जरूरी बिंदुओं की भी समीक्षा की। कई स्थानों पर बच्चों की कॉपियों में नियमित जांच का अभाव पाया गया। डीईओ ने इस पर नाराजगी जताते हुए अध्यापकों को समय-समय पर होमवर्क और मूल्यांकन कार्य करने के सख्त निर्देश दिए।

सभी संबंधित स्कूलों के प्राचार्यों को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने और व्यवस्थाएं सुधारने की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। डीईओ ने यह भी कहा कि यदि समयबद्ध सुधार नहीं हुआ तो अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### नाहरा में आठ शिक्षक व कर्मचारी अनुपस्थित

निरीक्षण की शुरुआत सुबह करीब 8 बजे गांव नाहरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से की गई। यहां 8 शिक्षक व कर्मचारी ड्यूटी से गैरहाजिर मिले। यह स्कूल निरीक्षण के दौरान सबसे अधिक लापरवाही वाला पाया गया। डीईओ ने इसे गंभीर मानते हुए सीधा कार्रवाई के आदेश जारी किए। इसके बाद राजकीय उच्च विद्यालय हलालपुर स्थित कन्या उच्च विद्यालय में निरीक्षण किया गया, जहां लिपिक अनुपस्थित मिला। वहीं, झिंझोली के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में तीन शिक्षक अनुपस्थित मिले और मिड डे मील का रिकॉर्ड अधूरा पाया गया, जिससे बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं पर सवाल खड़े हो गए। सेरसा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था बेहद बदहाल मिली। शौचालयों की सफाई नहीं थी, परिसर में कूड़ा फैला हुआ मिला और पानी की निकासी की उचित व्यवस्था भी नहीं थी।

### अन्य स्कूलों में भी निरीक्षण

डीईओ नवीन गुलिया ने आगे राजकीय उच्च विद्यालय नाहरी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय खटकड़ और राजकीय माध्यमिक विद्यालय खुर्रमपुर का दौरा किया। इन स्कूलों में भी सामान्य प्रशासनिक अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुधारने और नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए।

### लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के संकेत

शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, लेकिन कुछ शिक्षकों और स्टाफ की लापरवाही इस मिशन में बाधा बन रही है। ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे और जहां भी लापरवाही मिलेगी, बिना किसी चेतावनी के कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत



गोहाना। पौधरोपण करते हुए समिति के सदस्य व अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### एक पौधा मां के नाम लगाना न भूलें : भूपेंद्र मुद्गिल

**गोहाना।** ग्राम सुधार समिति खन्दराई द्वारा सोमवार को अपने साप्ताहिक अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। पौधों को पशुओं के नुकसान से बचाने के लिए ट्री गार्डों में संरक्षित किया गया। पौधारोपण की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जगमहेंद्र ने की। उनके अनुसार समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए इस सप्ताह विभिन्न किस्मों के 121 पौधे रोपे जाएंगे। मुख्य अतिथि भाजपा गोहाना मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हर व्यक्ति की एक नैतिक जिम्मेदारी है। पृथ्वी पर कुशल जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा मां के नाम अभियान शुरू किया गया है। हर व्यक्ति इस अभियान से जुड़कर अपनी मां के नाम एक पौधा अवश्य लगाएं। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होगा।

मार्केट न्यूज

### हृदय रोगियों के लिए बड़ी राहत- बत्रा सुपर स्पेशियलिटी में अत्याधुनिक कैथ लैब का शुभारंभ



**सोनीपत।** हृदय रोग से पीड़ित मरीजों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में बत्रा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, रंगोली ग्रीन में रविवार को अत्याधुनिक कैथ लैब का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विश्वस्तरीय तकनीक से लैस जीई कंपनी की मशीन का उद्घाटन किया गया, जो हृदय रोगों के इलाज में एक नई क्रांति लेकर आई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एच. के. छाबड़ा (हृदय रोग विशेषज्ञ) थे, जबकि आईएमए सोनीपत के अध्यक्ष डॉ. अनुपमा शेट्टी अरोड़ा ने अध्यक्षता की। डॉ. दिनेश गुप्ता, डॉ. राकेश हंडा और डॉ. मनोज राय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शहर के कई प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। संस्था के चेयरमैन डॉ. रमेश बत्रा और सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अंकुर बत्रा ने बताया कि यह मशीन **IVUS**, **FFR**, **OCT** और **ROTA** जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त है। इसकी मदद से हृदय की बंद नसों को महज 20-25 मिनट में खोलकर स्टंट (छल्ला) डाला जा सकता है। साथ ही इसमें लगे हाई-रेजोल्यूशन कैमरा और संवेदनशील तारों की सहायता से यह भी पता लगाया जा सकता है कि रोगी को स्टंट की आवश्यकता है या दवाइयों से ही उपचार संभव है।

# जरूरतमंद की सहायता के लिए रक्तदान करना जरूरी : वीरेंद्र

- गांव सैनीपुरा में कांवड़ सेवा शिविर के शुभारंभ पर शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सोमवार को गांव सैनीपुरा में कांवड़ सेवा शिविर के शुभारंभ पर शिव मंदिर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 20 नागरिकों ने रक्तदान किया। यह शिविर ग्राम पंचायत सैनीपुरा, शिव शंकर सेवा ट्रस्ट एवं शिव मंदिर कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। संयुक्त अध्यक्षता महेंद्र सैनी और राकेश सैनी ने की। संयोजन सतीश सैनी का रहा। मुख्य अतिथि गोहाना बार एसो.के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य,



रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते वीरेंद्र आर्य व अन्य अतिथिगण।

समाजसेवी संजय सैनी और मोहन सैनी थे। वीरेंद्र आर्य ने लोगों से रक्तदान करने का आह्वान किया। आर्य ने कहा कि हम रक्तदान करेंगे तभी तो जरूरतमंद को आपात स्थिति में रक्त मिल सकेगा और उसकी जान बचाई जा सकेगी। हम रक्तदान करेंगे ही नहीं तो जरूरत के समय रक्त कहां से आएगा। इस सेवा के लिए हमें खुद एक जरूरतमंद व्यक्ति की तरह सोचना होगा। वीरेंद्र आर्य ने कहा कि रक्तदान करना न केवल पुण्य का काम है अपितु यह एक बड़ी समाजसेवा भी है। सरपंच कर्मवीर सैनी व उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी, सत्यवान चहल, डॉ. स्वराज, सरोज, जोगेंद्र, सुनील, रविंद्र, विकास, राजेश, पंकज, सचिन और भगतराम सहित अन्य नागरिकों ने रक्तदान किया।



मुख्यातिथि विधायक देवेन्द्र कादियान व संघ के पदाधिकारी आहुति डालते हुए।

### हरियाणा पंजाबी संघ ने किया हवन

गन्नौर। शिव पार्क में जन कल्याण के लिए हरियाणा पंजाबी संघ द्वारा सामूहिक हवन का आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने व इंद्र देवता को प्रसन्न कर वर्षा की कामना को लेकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। विधायक देवेंद्र कादियान ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। पंजाबी संघ संस्था न केवल धार्मिक आयोजनों में, बल्कि समाजसेवा के विभिन्न कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। हरियाणा पंजाबी संघ के अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र कुकरेजा ने संबोधित करते कहा कि मानव जीवन में प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब मानव और प्रकृति के बीच संबंध मजबूत होते हैं, तो जीवन में संतुलन बना रहता है। इस मौके पर हरीश वधवा, अंकित मल्होत्रा, प्रीतम आहूजा, संजीव डावरा, दीपक बजाज, रमेश कुमार, एन डी खन्ना, सन्नी, रामलाल मनचंदा, जीत मुटरेजा, प्रवेश मदान, अशोक कोहली, नंद छाबड़ा, मुकेश छाबड़ा, सोहनलाल हसीजा ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर वर्षा और समृद्धि की कामना की। बाद में प्रसाद वितरण किया गया

# गन्नौर रॉयल्स ने यूनिक समर कप-3 का खिताब जीता, करनाल क्लब को पच्चीस रनों से दी मात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

यूनिक क्रिकेट स्टेडियम, शेखपुरा गन्नौर में आयोजित यूनिक समर कप तीन का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक अंदाज में खेला गया, जिसमें गन्नौर रॉयल्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए करनाल क्रिकेट क्लब को 25 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में टॉस करनाल क्लब ने जीता और पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी गन्नौर रॉयल्स की टीम ने शानदार शुरुआत की। टीम की ओर से राजेश गोती ने संयमित और शानदार अंदाज में 51 गेंदों में 59 रन बनाए, वहीं लक्ष्य खोखर ने तूफानी अंदाज में मात्र 8 गेंदों में 27 रन की



तेज पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। पूरी टीम ने निर्धारित ओवरों में 146 रन का लक्ष्य खड़ा किया। करनाल क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी में गगनदीप और अर्जित चौहान ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट झटके। करनाल क्लब की टीम 112 रनों पर ही सिमट गई। टीम के लिए प्रदीप पुनिया ने संघर्ष करते हुए 33 गेंदों में 37 रन की पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके। गन्नौर रॉयल्स की ओर से जीतू खत्री ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट, जबकि मोनू और विकास गौरिया ने 2-2 विकेट झटके। लक्ष्य खोखर, जिन्होंने 313 रन बनाए, को बेस्ट बैट्समैन ऑफ द सीरीज चुना गया। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब पंकज वर्मा को मिला, जबकि लोकेश कादियान को बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। समाजसेवी दीपक और विन्नी जी ने विजेता टीम के कप्तान विवेक गिल को विजयी ट्रॉफी प्रदान की। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अजय गोयल, गन्नौर रॉयल्स टीम के मेंटर दिनेश गौतम, सुरेश पंघाल मास्टर, श्रीकांत सरपंच और सलीम प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# हैप्पी हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में कार्यशाला

## कार्यशाला में कौशल विकास, और मूल्य आधारित शिक्षा पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति लेकर शिक्षकों में जागरूकता और समझ को बढ़ाने के उद्देश्य से हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति (रिसोर्स पर्सन)डॉ गीतांजलि ग्रोवर और अनुराधा गौतम ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें एनईपी के उद्देश्यों, जैसे समग्र शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण, बहुभाषिकता, कौशल



कार्यशाला के दौरान शिक्षकों के साथ स्कूल निदेशक, प्रधानाचार्य व प्रशिक्षक।

विकास, और मूल्य आधारित शिक्षा पर प्रकाश डाला गया। डॉ. गीतांजलि ग्रोवर और अनुराधा गौतम ने नीति के प्रमुख बिंदुओं को सरल भाषा में समझाया और इसके सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक रणनीतियों पर चर्चा की। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों के बीच समूह चर्चा, गतिविधियाँ और प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किए गए। प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या उषा मलिक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल एक शैक्षणिक दस्तावेज नहीं है, यह भारत के भविष्य को गढ़ने की एक दूरदर्शी योजना है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संजय नागपाल, सुनील नागपाल भी मौजूद रहे।



गन्नौर व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ विधायक देवेंद्र कादियान।

### रामेश्वर सैनी प्रधान, राकेश गर्ग उपप्रधान बने

गन्नौर। शहर के दूकानदारों ने सर्वसम्मति से गन्नौर व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया। इस दौरान दुकानदारों ने सर्वसम्मति से रामेश्वर उर्फ बिल्लू सैनी को प्रधान, राकेश गर्ग को उपप्रधान, सुरेंद्र जग्गा को महासचिव, राजेश चौहान को कोषाध्यक्ष व नंद छाबड़ा को सलाहकार चुना गया। एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को देवेंद्र कादियान ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि गन्नौर व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान स्वर्गीय शेखरचंद जैन ने अपने समय में सराहनीय काम किए। उन्होंने नए पदाधिकारियों से व्यापारियों के हित में काम करने की अपील की। गन्नौर व्यापार मंडल नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने आश्वासन दिया कि वे व्यापारी भाइयों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर उनके समाधान करने के हरसंभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर मनोनित पार्षद सुभाष सरोहा, मनिंदर सन्नी सहित अमित बत्रा, तरूण चुघ, प्रवेश मदान सहित अन्य मौजूद रहे।

# तैराकों का ओपन स्टेट स्विमिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन, ग्यारह पदक जीते



राई। विजेता छात्रों का स्वागत करते स्कूल के प्रधानाचार्य व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

**राई।** बहादुरगढ़ में आयोजित ओपन स्टेट स्विमिंग टूर्नामेंट में स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 11 पदक अपने नाम किए। छात्रा शिवांशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, एक रजत एवं एक कांस्य पदक जीतकर कुल चार पदक प्राप्त किए। वहीं श्रुति ने दो रजत पदक अपने नाम किए। इसके अतिरिक्त आद्विक गुप्ता ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक प्राप्त किया। आयुष अंतिल ने दो रजत व एक कांस्य पदक जीतकर कुल तीन पदक अर्जित किए। विद्यालय में खुशी का माहौल देखने को मिला। प्रधानाचार्य रोहित पंडा ने सभी विजेता खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया।